प्रादेशिक समाचार

दिनांक–16.09.2024 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- रांची जमशेदपुर और बोकारो समेत राज्य भर में लगातार कई जिलों में लगातार भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित।

- खरकई स्वर्णरेखा और दामोदर नदियां उफान पर, तेनूघाट डैम के खोले गये छह गेट, राज्य सरकार ने नदी के तट पर रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थनों पर जाने की दी सलाह।

- मौसम विभाग ने रांची समेत अधिकांश जिलों में भारी बारिश की दी चेतावनी, गढ़वा, पलामू लातेहार और सिमडेगा में बारिश को लेकर जारी किया रेड अलर्ट।
- पाकुड़ में मांझी परगना महासम्मेलन का आयोजन, मूसलाधार बारिश के बावजूद हजारों की संख्या में पहुंचे लोग, पूर्व मुख्यमंत्री चपांई सोरेन ने कहा साजिश के तहत संथाल परगना में तेजी से हो रही है बंगलादेशी घुसपैठ।

***************

रांची, जमशेदपुर और बोकारो समेत राज्य भर में लगातार तीन दिनों से हो रही भारी बारिश से जन जीवन प्रभावित हो गया है। बारिश के कारण प्रदेश की कई नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। बोकारो जिले में तेनू घाट डैम का पानी खतरे के निशान तक पहुंच जाने के कारण डैम के छह गेटों को खोल दिया गया है।

***************

भारी बारिश से दुमका जिले के मसानजोर डैम के दक्षिण भाग में गेट नंबर 2 के समीप पहाड़ में भूस्खलन होने से दो दुकानें जमींदोज हो गई है। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। तीन दिनों से हो रही बारिश के कारण पहाड़ से झरना निकलने से भूस्खलन की घटना घटी है। इस भूस्खलन से बांसकुली मसलिया सड़क पर यातायात सेवा ठप हो गया था जिसे बाद में बहाल कर दिया गया है।

***************

राज्य की कई नदियां खरकई, स्वर्णरेखा और दामोदर उफान पर है। राज्य सरकार ने नदी के तट पर रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थनों पर जाने की सलाह दी है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने पूर्वी सिंहभूम जिले में तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण स्वर्णरेखा और खरकई नदी के बढ़ते जलस्तर पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने जिले के उपायुक्त को नदी के तट पर रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने और राहत कार्य चलाने का निर्देश दिया है। उन्होंने तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

***************

मौसम विभाग ने रांची समेत राज्य के अधिकांश जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने आकाशवाणी को बताया कि रांची समेत कई जिलों में भारी से अति भारी बारिश हो सकती है। उन्होंने कहा कि गढ़वा, पलामू, लातेहार और सिमडेगा में बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है।

***************

भारतीय जनता पार्टी झारखंड के संथाल परगना से परिवर्तन यात्रा निकालने वाली है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और परिवर्तन यात्रा के संयोजक सांसद दीपक प्रकाश ने आज रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी दी। श्री मरांडी ने कहा कि 5 वर्षों के कार्यकाल के दौरान हेमंत सोरेन की वादा खिलाफी के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी परिवर्तन यात्रा निकाल रही है। उन्होंने कहा कि इस दौरान सरकार की नाकामियों को जनता के सामने रखा जाएगा। वही झारखंड की रोटी बेटी और माटी की रक्षा का संकल्प भी लिया जाएगा।

***************

छत्तीसगढ़ के वन एवं जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने आज सिमडेगा में भाजपा पदधारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने परिवर्त्तन संकल्प रथयात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि यह रथ यात्रा 24 सितम्बर को सिमडेगा पहुँचेगा। इस अवसर पर एक जनसभा का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपस्थित होंगे।

***************

भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज आदिवासी नेता, पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कहा है कि राज्य की जनता को देशहित में काम करना चाहिए।

***************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह के नेतृत्व में आज रांची में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती सिंह ने कहा कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराने के लिए महिला मोर्चा की कार्यकर्ता घर–घर जाकर लोगों से संपर्क करेंगी।

***************

महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से देवघर जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

***************

पाकुड के लिटिपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के हिरणपुर प्रखंड के डांगापाड़ा फुटबॉल मैदान में आज मांझी परगना महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इस महासम्मेलन में भारी बारिश के बावजूद संथाल परगना प्रमंडल के ग्राम प्रधान नाइकी गुडित सहित आदिवासियों की पारंपरिक व्यवस्था को संचालित करने वाले प्रमुख लोगों ने हिस्सा लिया। महासम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि साजिश के तहत संथाल परगना में बंगलादेशी घुसपैठ हो रही है, जिससे यहां के डेमिग्राफी में बदलाव हुआ है। उन्होंने पारंपरिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए आदिवासी समाज को एकजुट होने और अन्याय के खिलाफ उलगुलान का आह्वान किया। महासम्मेलन में पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम, सीता सोरेन ने भी शिरकत की। सम्मेलन को आदिवासी समाज के छात्र नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और प्रधानों ने भी संबोधित किया।

***************

आधार कार्ड को अपडेट करने की समयसीमा बढ़ गई है। अब 14 दिसंबर तक बिना शुल्क दिए जरूरी बदलाव किया जा सकता है। पहले इसकी अंतिम तिथि 14 सितंबर थी। निशुल्क सेवा माय आधार पोर्टल पर उपलब्ध है।

***************

झारखंड समेत देशभर में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ ईद मिलाद–उन–नबी का पर्व मनाया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु , प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोगों को ईद ए मिलाद की शुभकामनाएं दी हैं। इधर सरायकेला खरसावां जिले में भी इस अवसर पर जुलूस–ए–मोहम्मदी धुमधाम से निकाली गई। यह जुलूस कालूराम चौक से होते हुए मुख्य सड़क बस स्टैंड तक पहुंची वहां से वार्ड संख्या 6 होते हुए पुनः इमामबाड़ा लौटी। उधर पाकुड़ में भी ईद मिलादुन्नबी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर इस्लाम धर्मावलंबियों ने जुलूस निकाला।

*******समाप्त*******